# नमूना पंजीकरण प्रणाली (SRS) सांख्यिकीय रिपोर्ट 2023


स्रोत: TH

**नमूना पंजीकरण प्रणाली (सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम- SRS) सांख्यिकीय रिपोर्ट, 2023** भारत में प्रजनन दर और मृत्यु दर में हुए महत्त्वपूर्ण जनसांख्यिकीय परिवर्तनों को रेखांकित करती है।

- **कुल प्रजनन दर (TFR):** वर्ष 2023 में TFR घटकर **1.9** हो गई, जो प्रतिस्थापन स्तर प्रजनन दर 2.1 से कम है।
  - **सर्वाधिक TFR: बिहार (2.8), न्यूनतम TFR:** दिल्ली (1.2)।
  - **TFR** एक महिला द्वारा अपने **प्रजनन वर्षों (15-49 वर्ष)** के दौरान अपेक्षित बच्चों की औसत संख्या है।
  - **प्रतिस्थापन** स्तर **TFR** एक पीढ़ी को स्वयं प्रतिस्थापित करने के लिये **प्रति महिला आवश्यक बच्चों की औसत संख्या** है।
- **अशोधित जन्म दर (CBR):** CBR **19.1 (2022) से घटकर 18.4 (2023) हो गई है**।
  - **CBR प्रति 1000 जनसंख्या पर** वर्ष के दौरान होने वाले जीवित जन्मों की संख्या को दर्शाता है।
- **जन्म के समय लिंगानुपात (SRB):** 2021-23 में भारत के लिये SRB प्रति 1,000 लड़कों पर 917 लड़कियाँ थी।
  - उच्चतम: **छत्तीसगढ़ (974)**। निम्नतम: **उत्तराखंड (868)**।
- **मृत्यु दर संबंधी रुझान: वर्ष 2023 में अशोधित मृत्यु दर (CDR) 6.4** थी, जबकि **शिशु मृत्यु दर (IMR) वर्ष 2023 में 25** थी।

## SRS के बारे में

- भारत के महापंजीयक कार्यालय द्वारा आयोजित **नमूना पंजीकरण प्रणाली (SRS)** एक **बड़े पैमाने पर जनसांख्यिकीय सर्वेक्षण** है, जो **आयु, लिंग और वैवाहिक स्थिति** के आधार पर जनसंख्या से संबंधित डेटा एकत्र करता है।
- यह सर्वेक्षण राष्ट्रीय और उप-राष्ट्रीय स्तर पर **CBR (सक्रिय जन्म दर), TFR (कुल प्रजनन दर), आयु-विशिष्ट प्रजनन दर (ASFR), सामान्य प्रजनन दर (GFR)** तथा संबंधित आँकड़ों को मापता है।




**और पढ़ें:** मानव विकास रिपोर्ट 2025

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sample-registration-system-srs-statistical-report-2023